>

Title : Need for early commencement of work on Khajuraho-Panna-Satna stretch of Madhya Pradesh under Lalitpur-Singrouli Project.

श्री जितेन्द्र सिंह बुन्देला (खजुराहो): सभापति महोदय, मैं एक अति लोक महत्व के विषय को आपके समक्ष रखना चाहता हूं। भारत सरकार बुंदेलखंड के विकास के लिए विशेष पैकेज दे रही है। मैं आपके माध्यम से सदन को अवगत कराना चाहता हूं कि 1999 में ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन स्वीकृत हुई थी। तब से लेकर आज तक पन्ना से खजुराहो और पन्ना से सतना के बीच के खंड पर एक नए पैसे का काम शुरू नहीं हो पाया है। इस वजह से पन्ना जिले के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। वहां के लोग 16 जनवरी से निरंतर अपनी इस मांग को लेकर धरना, प्रदर्शन और आन्दोलन कर रहे हैं तथा बंद के आयोजन हो रहे हैं। बच्चों से लेकर बूढ़े तक इस आन्दोलन में साथ दे रहे हैं।

इस संबंध में वर्ष 2009-10 के पहले बजट में मैंने पूर्व में इस बात को उजागर किया था कि अगर सरकार बुंदेलखंड का विकास करना चाहती है तो ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन, जो एकमात्र बुंदेलखंड की रेलवे लाइन है, जो इसके बीच से डाली जा रही है, उसके लिए बजट में प्रावधान किया जाए और खुजराहो जैसी जगह को ललितपुर-सिंगरौली रेलवे लाइन को बुंदेलखंड के मुख्य मार्ग से जोड़ा जाए।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि पन्ना में रेलवे युवा संघर्ष समिति बनी हुई है, यह गैर-राजनैतिक संगठन है, जिसमें सारे दलों के लोग सामुहिक रूप से धरने पर बैठ रहे हैं। चाहे बीजेपी के लोग हों, कांग्रेस के या बीएसपी के लोग हों, सारे लोग भारत सरकार से आशा कर रहे हैं कि इस बार के बजट में पन्ना को सतना से जोड़ने के लिए बजट में प्रावधान किया जाएगा। इस शून्यकाल की चर्चा में मैं आपको इससे अवगत कराना चाहता हूं। धन्यवाद।

श्री गणेश सिंह : मान्यवर, श्री जितेन्द्र सिंह बुंदेला जी के मुद्दे के साथ मैं अपने को एसोसिएट करता हूं।

MR. CHAIRMAN : Shri Ganesh Singh is also associating with him.